Uttarakhand Board

# SAMPLE PAPER

aglasem.com

2024

# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र– 2024

## कक्षा–10

## रंजनकला (Painting)– (041)

समय : 3 घण्टे
**Time : 3 hours**

पूर्णांक : 30
**Maximum Marks : 30**

नोटः
(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) पहले भाग में 1–1 अंक के तीन बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
(iii) दूसरे भाग में 1–1 अंक के तीन अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं।
(iv) तीसरे भाग में 2–2 अंक के छः लघुउत्तरीय प्रश्न हैं।
(v) चौथे भाग में 4–4 अंक के तीन विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 14 व 15 में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

---

### भाग–1 बहुविकल्पीय प्रश्न

प्र.1– शेडिंग के लिए कौन–सी पेंसिल का प्रयोग किया जाता है? 1

(क) 6 B (ख) 4 B (ग) 2 B (घ) H B

प्र.2– अजंता की गुफाओं में किस महापुरूष के जन्म की कथाओं का वर्णन मिलता है– 1

(क) महात्मा गाँधी (ख) महात्मा बुद्ध
(ग) महावीर जैन (घ) स्वामी विवेकानन्द

प्र.3– उत्तराखण्ड के किस जनपद में प्रसिद्ध 'कटारमल का सूर्य मन्दिर' स्थित है? 1

(क) नैनीताल (ख) अल्मोड़ा
(ग) पौड़ी–गढ़वाल (घ) बागेश्वर

### भाग–2 निश्चित उत्तरीय प्रश्न

प्र.4– "मदर टैरेसा" पेंटिंग किस चित्रकार द्वारा बनायी गयी? 1

प्र.5– प्राथमिक रंग कौन–कौन से रंग होते हैं? 1

प्र.6– अभिनय एक कला है, यह कथन सत्य है या असत्य। 1

## भाग–3 लघु उत्तरीय प्रश्न

प्र.7– कला क्या है? 2

प्र.8– EE पेंसिल का उपयोग कब किया जाता है? 2

प्र.9– टेम्परा पद्धति क्या है? 2

प्र.10– 'जादूगर का नृत्य' पेंटिंग कहाँ से प्राप्त हुयी? 2

प्र.11– लोक कला से क्या आशय है? 2

प्र.12– "ऑयल पेस्टल" रंग का प्रयोग कब किया जाता है? 2

## भाग–4 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

प्र.13– कला में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों का वर्णन कीजिए। 4

प्र.14– अजन्ता एवं एलोरा गुफा की चित्रकला तथा उसके महत्व का समझाइये। 4

*अथवा*

चौलकाल की नटराज मूर्ति के बारे में आप क्या समझते हैं? सविस्तार लिखिए।

प्र.15– कलाकार मौलाराम के जीवन–परिचय का उल्लेख कीजिए। 4

*अथवा*

"बनी–ठनी" पेंटिंग किस चित्रकार द्वारा निर्मित की गयी और उसके निर्माण के क्या उद्देश्य थे?

*****